हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, बुधवार,8 मई 2024

तापमान
अधिकतम 42 .4 डिग्री
न्यूनतम 23 .2 डिग्री

12 नशे से होता है मानसिक, नैतिक और शारीरिक पतन : डॉ. वर्मा



12 स्टूडेंट्स ने नशे से बचने की ली शपथ



## खबर संक्षेप

### आरोपी सुपरवाइजर व मैनेजर गिरफ्तार

**पानीपत।** सीआईए थ्री पुलिस टीम ने जाटल रोड देशवाल पर चौक के पास स्थित गोल्डन कंपनी से तौलिए के बोरे चोरी करने वाले आरोपी सुपरवाइजर हरेंद्र व सहायक मैनेजर राजीव को सोमवार देर शाम गिरफ्तार किया। दोनों आरोपियों की निशानदेही पर चोरीशुदा बोरे खरीदने वाले आरोपी प्रदीप जैन निवासी गांधी नगर, गन्नौर जिला पानीपत को भी गिरफ्तार किया। प्रदीप ने चोरी शुदा तौलिए 2.10 लाख रूपये में खरीद थे।

### दर्ज चोरी के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना पडाव में दर्ज चोरी के मामले में सीआईए-1 ने आरोपी आकाश उर्फ कांटो व संजय को चोरी के मामले में काबू किया है। सुंदर नगर के अनिल कुमार ने 22 मार्च 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि शिव मंदिर से किसी ने 21 मार्च 2024 को मंदिर का गुल्लक तोडकर नकदी व एलईडी टीवी चोरी कर ली है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### स्नेचिंग के मामले में दूसरा आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना महेशनगर में दर्ज स्नेचिंग के मामले में पुलिस ने आरोपी नबी हसन उर्फ नब्बू को गिरफ्तार कियया है। पीड़ित महिला ने 16 फरवरी 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 16 फरवरी 2024 को गणेश विहार के पास से किसी ने उसका पर्स छीन लिया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।

### 14 बोतल शराब सहित आरोपी काबू

**अंबाला।** थाना महेशनगर क्षेत्र से अवैध शराब की तस्करी के मामले में पुलिस ने आरोपी निदेश कुमार को 14 बोतल शराब सहित काबू किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी शराब की तस्करी का कारोबार करता है। इसी आधार पर पुलिस ने रेड कर आरोपी को काबू किया।

# अंबाला लोकसभा: 15 उम्मीदवारों के नामांकन पत्र मंजूर, जांच के बाद निर्वाचन अधिकारी ने किया ऐलान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला लोकसभा सीट के लिए उम्मीदवार तय हो चुके हैं। पंद्रह उम्मीदवारों के नामांकन पत्र जांच के बाद मंजूर किए गए। जांच के दौरान 26 नामांकन पत्र सही पाए गए। उनमें से 15 को स्वीकार किया गया। मुख्य उम्मीदवार का नामांकन स्वीकार किए जाने के बाद कवरिंग उम्मीदवार का नामांकन रद्द किया गया। इसके साथ-साथ भारतीय चुनाव आयोग द्वारा 2025 तक चुनाव लडने के लिए अयोग्य घोषित किए गए उम्मीदवार बिजेंद्र कुमार का नामांकन रद किया गया है।

■ इलेक्शन एजेंट के लिए जल्द फॉर्म-8 भरकर जमा करवाएं प्रत्याशी



उम्मीदवारों के प्रतिनिधियों को जरुरी निर्देश देते निर्वाचन अधिकारी डॉ. शालीन।

### उम्मीदवारों के चुनाव खर्च की जांच की जाएगी

डॉ. शालीन ने कहा कि सभी उम्मीदवार आदर्श आचार संहिता का पालन करें। चुनाव खर्च अपने घोषित बैंक अकाउंट से ही करें। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में 3 तयशुदा तारीखों पर उम्मीदवारों के चुनाव खर्च की जांच की जाएगी। इसके अतिरिक्त उम्मीदवार जनसभा करने, रैली करने और गाड़ियों की अनुमति अवश्य लें। प्रचार के लिए पोस्टर, बैनर आदि लगाने के लिए स्थान निर्धारित कर दिए गए हैं। इन तय स्थानों पर ही प्रचार सामग्री लगाई जाए।

### 200 मीटर के दायरे में न लगाई जाए सामग्री

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि सभी उम्मीदवार पोलिंग स्टेशन के 200 मीटर के दायरे में किसी तरह की कोई प्रचार-प्रसार सामग्री न लगाएं। इसके अतिरिक्त स्कूल की छुट्टी के समय, स्कूल के आसपास और अस्पताल के आसपास जनसभा का कार्यक्रम न रखें। उन्होंने सभी उम्मीदवारों को कहा कि किसी तरह की परेशानी के लिए वह तत्काल उपायुक्त कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

### इनके नामांकन हुए स्वीकार

निर्वाचन अधिकारी डॉ. शालीन ने बताया कि जांच के बाद जजपा से डॉ. किरण पुनिया, इनेलो से गुरप्रीत सिंह, बहुजन समाज पार्टी से पवन कुमार, भाजपा से बंतो देवी कटारिया, इंडियन नेशनल कांग्रेस से वरूण चौधरी, आजाद समाज पार्टी (कांशी राम) से कमल कुमार, पीपल्स पार्टी आफ इंडिया (डेमोक्रेटिक) से गुलाब सिंह नरवाल, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी से नितेश चोपड़ा, भारतीय जवान किसान पार्टी से बलजीत सिंह, भारतीय युवा जन एकता पार्टी से मामचंद, एकम सनातन भारत दल से मेहर सिंह चालिया, हरियाणा जनसेना पार्टी से राकेश कुमार, बसपा से सूरज कुमार, निर्दलीय उम्मीदवार कुलबीर सिंह व मोहर सिंह शामिल है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्क्रूटनी के बाद उम्मीदवारों व उनके प्रतिनिधियों की बैठक ली। उन्होंने कहा कि सभी उम्मीदवार अपने-अपने इलेक्शन एजेंट के लिए जल्द से जल्द फॉर्म-8 भरकर जमा करवा दें। इसके लिए उम्मीदवार स्वयं का हस्ताक्षर, इलेक्शन एजेंट का हस्ताक्षर और एजेंट की फोटो जमा करवाएं ताकि उनके कार्ड जारी किए जा सकें।

# किवाना के खेत में तीन बिटोडों में आग लगी

## राख में मानव हड्डियां मिलने से दहशत



पानीपत के गांव किवाना में राख में मानव हड्डी की तलाश करती पुलिस ।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत के गांव किवाना के खेतों में बने तीन बिटोडों में सोमवार की की रात को आग में जल गए। वहीं यह खेत में कृष्ण पत्र तूलाराम के है। कृष्ण सुबह जब अपने खेत में बिटोडों में आग का पता लगा। दोपहर के समय जब आग बुझी तो उसने उस जगह की जांच-पड़ताल की। इस दौरान उसे राख के भीतर इंसान की हड्डियां दिखाई दी। सूचना मिलते ही समालखा थाना प्रभारी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। साथ ही एफएसएल टीम को भी बुलाया गया। फोरेंसिक एक्सपर्ट डॉ. नीलम आर्य की टीम ने मौके पर जांच की तो वहां से राख के भीतर से एक लोहे की रॉड भी मिली। जिसे भी पुलिस ने कब्जे में ले लिया। इधर, मामले को संदिग्ध एवं गंभीर मानते हुए पुलिस ने मौके पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट को भी बुलाया। जिनकी मौजूदगी में सभी आवश्यक जांच करने के बाद राख को इकट्ठा किया गया। वही, टीमों की प्रारंभिक जांच में ये हड्डियां किसी इंसान की ही प्रतीत हुई है। जिसकी पहचान के लिए पुलिस ने अपने एरिया समेत अन्य थानों को सूचित कर मिसिंग रिपोर्ट को खंगालना शुरू कर दिया है। साथ ही किवाना गांव समेत साथ लगते अन्य गांवों में ऐसे व्यक्ति की पूछताछ में जुटी हुई है, जिसके पैर में रॉड डली हुई हो। समाचार लिखे जाने तक इस मामले की जांच जारी थी, हड्डी आदि जांच के लिए लैब में भिजवा दी गई थी।

■ पुलिस ने हड्डी आदि जांच के लिए लैब में भिजवाया

# मुख्यमंत्री उड़नदस्ते की टीम ने बीज की दुकानों पर चलाया चेकिंग अभियान

## किसानों ने बीज दुकानदारों पर लगाया था धान के बीज में धांधली करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

मुख्यमंत्री उड़नदस्ते की टीम ने रादौर स्थित बीज की दुकानों पर चैकिंग अभियान चलाकर धान के बीज के स्टॉक की जांच की। इस दौरान दुकानों पर अब तक बेचे गए धान के बीज का ब्यौरा एकत्र किया गया और स्टॉक में कितना बीज है की जांच की गई। इस दौरान चैकिंग अभियान की भनक लगते ही कई बीज विक्रेता दुकानें बंद करके नौ दो ग्यारह हो गए।

■ दुकानों पर अब तक बेचे गए धान के बीज का ब्यौरा एकत्र किया गया

जानकारी के मुताबिक मुख्यमंत्री उड़नदस्ते की टीम के प्रभारी सब इंस्पेक्टर सुखविंद्र सिंह के नेतृत्व में सब इंस्पेक्टर राजबीर सिंह, सब इंस्पेक्टर बलवंत सिंह व एएसआई सुनील कुमार की टीम शाम के वक्त अचानक रादौर में बीज विक्रेताओं की दुकानों पर पहुंच गई। इस दौरान टीम ने दुकानों पर बीज के स्टॉक की जांच की और अब तक कितना बीज किसानों को बेचा गया उसका ब्यौरा एकत्र किया गया। टीम सूत्रों ने बताया कि किसानों ने बीज विक्रेताओं पर धान की 7301 व 7501 किस्म को ब्लैक में बेचने के आरोप लगाए थे। इस दौरान किसानों ने गत सोमवार को बीज नहीं मिलने के विरोध में प्रदर्शन भी किया था। जिसके बाद मुख्यमंत्री उड़नदस्ते ने मामले के गंभीर मानते हुए दुकानों पर पहुंचकर बीज के स्टॉक की जांच की। सीएम फ्लाईंग की टीम द्वारा की गई छापेमारी का भारतीय किसान यूनियन की ओर से स्वागत किया गया है। यूनियन के जिला अध्यक्ष संजु गुंदियाना का कहना है कि आजकल किसान अच्छी किस्म की धान की फसल की रोपाई के लिए बीज खरीद रहे हैं। मगर कुछ बीज विक्रेता धान की उत्तम किस्म 7301 व 7501 किस्म को दुकानों में होते हुए भी नहीं दे रहे हैं। सरकार को ऐसे बीज विक्रेताओं पर शिकंजा कसना चाहिए जो किसानों को परेशान करते हैं।



यमुनानगर के रादौर में कार्रवाई करते हुए सीएम फ्लाइंग की टीम के सदस्य।

### ट्रैक्टर-ट्राली से बरामद हुए यूरिया खाद के 200 कट्टे

यमुनानगर। कृषि विभाग की टीम ने कलानौर के पास से एक युरिया खाद से भी ट्रैक्टर-ट्राली को पकड़ा है। ट्राली में यूरिया के 200 कट्टे भरे हुए थे। बताया जा रहा है कि यूरिया को अवैध रूप से उत्तर प्रदेश ले जाया जा रहा था। पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कृषि विभाग के विषय विशेषज्ञ हरीष पांडेय ने बताया कि उसे सूचना मिली थी कि कलानौर के रास्ते से ट्रैक्टर-ट्राली में युरिया खाद को भरकर अवैध रूप से उत्तर प्रदेश ले जाया जा रहा है। सूचना मिलते ही विभागीय टीम का गठन किया गया। टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी। कुछ देर बाद विभागीय टीम को एक ट्रैक्टर-ट्राली आती दिखाई दी। जिसमे युरिया खाद के कट्टे भरे हुए थे। टीम के सदस्यों ने जब ट्रैक्टर-ट्राली को रोककर चालक व खाद मालिक से पूछताछ की तो वह सही जवाब नहीं दे पाए। इसके साथ ही खाद मालिक के पास बिल भी नहीं था। जांच के दौरान ट्राली में 200 कट्टे युरिया के बरामद हुए। पूछताछ के दौरान आरोपी ट्रैक्टर चालक की पहचान उत्तर प्रदेश के गांव समसपुर निवासी आकिल तथा खाद मालिक की पहचान गांव कुतबपुर निवासी रविंद्र के रूप में हुई। विभागीय टीम ने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ट्रैक्टर-ट्राली को कब्जे में लेकर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

■ यूरिया को अवैध रूप से उत्तर प्रदेश ले जाया जा रहा था

# राष्ट्रीय स्तरीय रेफरी बने पानीपत के नरेंद्र व आकाश

**पानीपत।** यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग द्वारा कुश्ती के स्तर को ऊंचा उठाने को लेकर ऑनलाइन रेफरशिप कोर्स इस वर्ष भी आयोजित किया गया। यह ऑनलाइन कोर्स 21 दिन का है। इसके लिए क्वालिफाइड कोच आवेदन कर सकते हैं। इसमें 20 दिन ऑनलाइन क्लास लगाने मैंडेटरी है। उसके बाद अगले दिन एग्जाम लिया जाता है। उसमें उत्तीर्ण हुए छात्रों को ही डिप्लोमा प्रदान किया जाता है। इसमें कुश्ती को प्रोत्साहित किया जाता है व राष्ट्रीय सत्र पर उन्हें रेफरशिप करने का अवसर प्रदान किया जाता है। वही, गत दिवस यह कोर्स 10 अप्रैल से 24 अप्रैल तक ऑनलाइन यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग द्वारा आयोजित किया गया। जिसमें जिले के गांव बुआना लाखू के सीनियर कुश्ती कोच नरेंद्र मलिक व कोच आकाश मलिक ने उत्तीर्ण किया। एनआईएस कोच नरेंद्र मलिक व आकाश मलिक ने बताया कि अब वो कुश्ती की रेफरशिप के लिए राष्ट्रीय स्तर पर कुश्ती के मुकाबले में रेफर शिप कर सकते हैं। कोच नरेंद्र मलिक ने बताया कि इस ऑनलाइन कोर्स के संदर्भ में उनसे 50 के करीब प्रश्न ऑन पूछे गए जिनका उन्होंने बहुत ही शालीनता प्रमुख जवाब दिया। मौके पर डलसा के सचिव प्रदीप मलिक, एडवोकेट दीपक, नागेंद्र फौजी, नवीन श्योराण आदि ने मुबारकवाद दी।



कुश्ती कोच नरेंद्र मलिक व आकाश मलिक प्रसन्न मुद्रा में।

# खंड शिक्षा अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ ज़िला कुरुक्षेत्र खंड बाबैन ने अशोक पलवल की अध्यक्षता में खंड शिक्षा अधिकारी संतोष चौहान को स्थानांतरण उपरांत खंड के शिक्षकों का वेतन निकालने का ज्ञापन दिया। संगठन ने अनुरोध किया कि जिन अध्यापकों की एचआरएमएस पर रिलीविंग और जॉइनिंग की समस्या है तो उनकी कोई टेम्पररी व्यवस्था करते हुए उनका वेतन जारी किया जाये। खंड शिक्षा अधिकारी ने मौके पर इस संबंध में संज्ञान लेते हुए कार्यवाही की गई और रिक्तियों का ब्यौरा माँगा गया और विश्वास दिलाया कि नियमों के अनुसार यह कार्य किया जाएगा। इस अवसर पर प्रिंसिपल मंगोली रामपाल, प्रिंसिपल कसीथल निर्मला, ज़िला महासचिव संदीप चौहान, पूर्व प्रधान सुमन प्रकाश, देवदत्त, प्रवीण बुहावी, संत कुमार, नीतू, अंजू, सुषमा, वरुण शर्मा आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

■ जिन अध्यापकों की एचआरएमएस पर रिलीविंग और जॉइनिंग की समस्या है उनकी कोई व्यवस्था करउनका वेतन जारी किए जाने की मांग की



कुरुक्षेत्र। ज्ञापन सौपते शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

### फैक्ट्री में घुसकर किए दो राउंड हवाई फायर

**यमुनानगर।** फैक्ट्री में घुसकर दो राउंड हवाई फायर कर फैक्ट्री बंद करने की धमकी देने के आरोप में पुलिस ने हरमिंद्र सिंह भाटिया के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। जानकारी के अनुसार रमन कोहली ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि चार अप्रैल को वह अपनी फैक्ट्री में काम कर रहा था। इस दौरान हरमिंद्र सिंह भाटिया उसकी फैक्ट्री में आया और दो राउंड हवाई फायर करके फैक्ट्री बंद करने की धमकी दी। इस दौरान आरोपी ने उसे व उसके परिवार के सदस्यों को जान से मारने की धमकी भी दी। आरोपी के जाने के बाद उसने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने जांच के बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।



### रिटायर कर्मचारी संगठन ने जताया रोष

कुरुक्षेत्र। हरियाणा रिटायर कर्मचारी संगठन 1968 ब्लॉक लाडवा की मासिक मीटिंग ब्लॉक प्रधान हजारीलाल की अध्यक्षता में हुई। मीटिंग का संचालन ब्लॉक सचिव सुरेंद्र शर्मा ने किया। मीटिंग में ब्लॉक के सभी पदाधिकारी एवं रिटायर कर्मचारी साथियों ने भाग लिया। मीटिंग में ब्लॉक प्रधान ने कहा कि रिटायर कर्मचारियों की मांगों व समस्याओं को लेकर हरियाणा सरकार द्वारा निरंतर टाल मटोल की नीति से रिटायर कर्मचारियों में भारी रोष है। कर्मचारियों की मांगों के समाधान के लिए हरियाणा सरकार जल्द से जल्द हरियाणा रिटायर कर्मचारी संगठन 1968 की उच्च अधिकार प्राप्त कमेटी को बातचीत के लिए बुलाकर मांगों का समाधान करें अन्यथा रिटायर कर्मचारी संगठन आंदोलन के लिए बाध्य होगा। मीटिंग में गजे सिंह, सुरेश कुमार, अवतार सिंह, अमर सिंह, नाथीराम, त्रिलोक सिंह, मेहर सिंह, गुरदेव सिंह, सुखदेव सिंह आदि रिटायर कर्मचारी उपस्थित रहे।

**निरीक्षण**

**सिविल सर्जन ने नागरिक अस्पताल उप जिला नागरिक अस्पताल का किया औचक निरीक्षण**

# लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देने में यमुनानगर स्वास्थ्य विभाग है प्रयासरत: डॉ. मनजीत

चिकित्सकों व अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया करवाए जाने के लिए प्रयासरत है। उक्त शब्द जिला सिविल सर्जन डॉ. मनजीत सिंह ने मंगलवार को जिला नागरिक अस्पताल यमुनानगर व उप जिला नागरिक अस्पताल जगाधरी का औचक निरीक्षण करते हुए कहे। उन्होंने दोनों अस्पतालों में लोगों को मुहैया करवा जा रही स्वास्थ्य सेवाओं का निरीक्षण कर संबंधित चिकित्सकों व अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए।

सिविल सर्जन डॉ. मनजीत सिंह ने सुबह के वक्त सबसे पहले उप जिला नागरिक अस्पताल जगाधरी में पहुंचे और स्वास्थ्य सेवाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ओपीडी समेत अन्य डिपार्टमेंट का निरीक्षण कर वहां दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की जांच की। इसके बाद वह मुकन्द लाल जिला नागरिक अस्पताल यमुनानगर में पहुंचे और निरीक्षण कर मरीजों को दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की जांच की। इस दौरान उनके साथ अस्पताल की प्रधान चिकित्सा अधिकारी डॉण दिव्या मंगला मौजूद रही।



यमुनानगर के उप जिला नागरिक अस्पताल जगाधरी का औचक निरीक्षण करते हुए सिविल सर्जन डॉ. मनजीत सिंह।

### मरीजों से भी स्वास्थ्य सेवाओं बारे की बातचीत

सिविल सर्जन डॉ. मनजीत सिंह ने कहा कि जिला स्वास्थ्य विभाग जिला भर में लोगों को उत्तम स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया करवाने के लिए तत्पर है। स्वास्थ्य विभाग जिलावासियों को सभी प्रकार की स्वास्थ्य सेवाऐं प्रदान कर रहा है। उन्होने बताया कि मुकन्द लाल जिला नागरिक अस्पताल यमुनानगर के साथ साथ सभी सीएचसी व पीएचसी पर लोगों को को स्वास्थ्य सेवाऐं प्रदान की जा रही हैं। ताकि रोगों की जॉच व पूर्ण उपचार किया जा सके और जिलावासी स्वस्थ जीवन वहन करें। सिविल सर्जन डॉ. मनजीत सिंह ने दोनों अस्पतालों में दौरे के दौरान अधिकारियों व कर्मचारियों की मौजूदगी में कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने मरीजों से भी स्वास्थ्य सेवाओं बारे बातचीत कर जानकारी प्राप्त की। इस दौरान उन्होंने अस्पतालों में ओपीडी, लैब रूम, एसएनएसयू, आपातकाल सेवा क्षेत्र के साथ साथ भवन में साफ. सफाई का भी निरिक्षण किया। सिविल सर्जन डॉ. मनजीत सिंह ने अस्पतालों में चल रही स्वास्थ्य सेवाओं व सरकार द्वारा प्रदान की जा रही स्वस्थ्य योजना के कार्यान्वन बारे जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों मरीजों व उनके अभिभावकों को किसी प्रकार की दिक्कत का सामना नहीं करने देने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला यमुनानगर के सभी सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों व केन्द्रों पर आवश्यकता अनुसार दवाओं व मशीनों की आपूर्ति किए जाने, मरीजों की समय पर पूर्ण जांच किए जाने और उन्हें समय पर दवाइयां दिए जाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर डॉ. अनुज मंगला व डॉ. दिव्या मंगला आदि मौजूद रहे।

# श्रीगुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज के प्रकाश अस्थान की जांच से रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज के प्रकाश अस्थान की चेकिंग किए जाने के मामले की हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी गहराई से जांच करेगी। इसके लिए हरियाणा कमेटी ने एक जांच कमेटी गठित की है, जो कि पूरे मामले की जांच पड़ताल करके अपनी रिपोर्ट पेश करेगी। यह जानकारी एचएसजीएमसी प्रधान जत्थेदार भूपिंदर सिंह असंध ने दी। इस मौके पर उनके साथ हरियाणा कमेटी के स्पोकसमैन कवलजीत सिंह अजराना भी मौजूद रहे। जत्थेदार भूपिंदर सिंह असंध ने कहा कि श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज का सत्कार एवं मयार्दा सिख कौम के लिए काफी महत्व रखती है, लेकिन हरियाणा पुलिस के जवानों ने सभी मयार्दों की उल्लंघना करते हुए सिखों की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाई हैं। इसे किसी भी सूरत में बर्दाशत नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस मामले की वायरल वीडियो में स्पष्ट दिख रहा है कि किस तरह से हरियाणा पुलिस के कर्मचारियों ने श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज के प्रकाश अस्थान की जांच की।



जानकारी देते जत्थेदार भूपिंदर सिंह असंध।

■ हरियाणा पुलिस के जवानों ने सिखों की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाई

### मामले की जांच के लिए 3 सदस्यीय कमेटी गठित

उन्होंने कहा कि आज तक ऐसा कभी नहीं हुआ, कि किसी वीआईपी या वीवीआईपी के आगमन पर श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज के प्रकाश अस्थान या फिर दरबार साहिब की सुरक्षाकर्मियों द्वारा जांच की गई हो। उन्होंने कहा कि यह बर्दाश्त के लायक नहीं, इसलिए हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी ने पूरे मामले की जांच के लिए तीन सदस्यीय कमेटी बनाई है। इस कमेटी में हरियाणा कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुदर्शन सिंह सहगल, महासचिव सुखविंदर सिंह मंडेबर व कार्यकारिणी सदस्य टीपी सिंह शामिल हैं। यह जांच कमेटी पूरे मामले की पड़ताल करके अपनी रिपोर्ट उन्हें सौंपेगी। रिपोर्ट मिलने के बाद अगली कार्रवाई की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### घर में घुसकर युवती के साथ की छेड़छाड़

**यमुनानगर।** बूडिया थाना क्षेत्र के एक गांव में युवक ने घर में घुसकर युवती के साथ छेड़छाड़ की। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार बूडिया थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा है। पांच मई को वह और उसकी बहन घर पर अकेली थी। तभी गांव का ही अमन उसके घर में घुस आया। आरोपी ने उसे कमरे में अकेला पाकर उसे गलत नीयत से पकड़ लिया। जब उसने विरोध किया तो आरोपी उसके साथ गाली गलौज करके वहां से भाग गया। उसने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

### बाइक सवार युवकों ने किशोर से छीना मोबाइल

**यमुनानगर।** तेजली स्टेडियम यमुनानगर में ट्रेनिंग लेने जा रहे किशोर से बाइक सवार तीन युवकों ने मोबाइल छीन लिया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार गांव दड़वा निवासी मन्नु ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका लड़का 14 वर्षीय आर्यन तेजली स्टेडियम में फुटबाल की ट्रेनिंग ले रहा है। शाम चार बजे वह पैदल स्टेडियम में जा रहा था। जब वह सत्संग भवन तेजली के पास पहुंचा तो बाइक पर सवार होकर तीन युवक आए। आरोपियों ने आते ही उसके लड़के के हाथ से मोबाइल छीन लिया और मौके से भाग गए। पुलिस ने मामले की जांच के बाद केस दर्ज किया।

### इग्नू ने खोला री-रजिस्ट्रेशन पोर्टल

**पानीपत।** इग्नू के क्षेत्रीय निदेशक प्रभारी डा धर्म पाल ने बताया की इग्नू द्वारा जुलाई 2024 सत्र के लिए री-रजिस्ट्रेशन पोर्टल खोल दिया गया है। जिन विद्यार्थियों ने कुली 2023 सत्र में वार्षिक पाठ्यक्रमों जैसे स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में दाखिला लिया है ऐसे विद्यार्थी इग्नू के री-रजिस्ट्रेशन पोर्टल पर जाकर अपनी द्वितीय और तृतीय वर्ष की फीस जमा करवा सकते है इसके साथ साथ जिन विद्यार्थियों ने जनवरी 2024 में सेमेस्टर आधारित पाठ्यक्रमों में दाखिला लिया है वे भी जुलाई 2024 सत्र में अपने अगले सेमेस्टर की फीस जमा करवा सकते हैं।

## इंटर डिस्ट्रिक्ट कराटे चैंपियनशिप में दिखाया दम

# न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल के 3 कराटे खिलाड़ियों ने जीता स्वर्ण पदक

प्रतियोगिता में चार बच्चों ने रजत व एक बच्चे ने कांस्य पदक जीतकर स्कूल का किया नाम रोशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



**यमुनानगर।** न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल में विजेता खिलाड़ी पुरस्कार प्राप्त कर स्टॉफ सदस्यों के साथ खुशी जताते हुए।

न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल चांदपुर (यमुनानगर) के कराटे खिलाड़ियों ने इंटर डिस्ट्रिक्ट कराटे चैंपियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर स्कूल का नाम रोशन किया है। प्रतियोगिता में स्कूल के तीन बच्चों ने स्वर्ण पदक, चार बच्चों ने रजत पदक व एक बच्चे ने कांस्य पदक जीतकर स्कूल व अपने अभिभावकों का गौरव बढ़ाया है। मंगलवार को विजेता खिलाड़ियों का स्कूल में पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया। स्कूल की मुख्य अध्यापिका डॉक्टर बिंदु शर्मा ने बताया कि गत दिवस लाडवा में दो दिवसीय इंटर डिस्ट्रक्टि कराटे चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। जिसमें यमुनानगर, कुरुक्षेत्र, अंबाला, झज्जर समेत प्रदेश भर के सभी जिलों के कराटे खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में उनके स्कूल के बच्चों ने भी भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

मुख्य अध्यापिका डॉ. बिंदु शर्मा ने बताया कि उनके स्कूल के कराटे खिलाड़ी ऋषभ, माही व विशेष ने स्वर्ण पदक प्राप्त करने में सफलता प्राप्त की। वहीं, पुष्कर,साहिल, आदित्य व हरमन ने रजत पदक और सक्षम ने कांस्य पदक जीत कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। उन्होंने बताया कि खुशी की बात यह है कि उनके स्कूल के खिलाड़ी पुष्कर, ऋषभ, माही, विशेष, साहिल, आदित्य व हरमन का राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाली प्रतियोगिता के लिए चयन हो गया है। जिसके लिए वह सभी खिलाड़ी बधाई के पात्र हैं। उन्होंने खिलाड़ियों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता 24 मई से पठानकोट में होगी। मौके पर स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष जीएस शर्मा ने विजेता बच्चों को उनकी शानदार जीत पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी को किसी न किसी खेल से अवश्य जुड़ना चाहिए। क्योंकि खेलों से शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है।

# पूर्व छात्रा मनदीप की फिल्म टिप्सी का किया प्रमोशन

- प्रमोशन के दौरान पूर्व छात्रा मनदीप व लगान फिल्म में किरदार निभाने वाले कलाकार आदित्य लखिया का किया जोरदार स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



**यमुनानगर।** गुरु नानक खालसा कॉलेज में टिप्सी फिल्म के प्रमोशन के लिए आयोजित कार्यक्रम में भाग लेती पूर्व छात्रा मनदीप व प्रचार्य समेत अन्य स्टॉफ सदस्य।

गुरु नानक खालसा कॉलेज यमुनानगर में मंगलवार को कार्यक्रम का आयोजन कर कॉलेज की पूर्व छात्रा मनदीप की फिल्म टिप्सी का प्रमोशन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज प्राचार्य डॉ. मेजर एचएस कंग ने की। कॉलेज प्राचार्य डॉ. मेजर एचएस कंग ने बताया कि पूर्व छात्रा मनदीप ने वर्ष 2008 में कॉलेज में शारीरिक शिक्षा में मास्टर की शिक्षा ग्रहण की। उन्होंने बताया कि मनदीप ने फिल्म टिप्सी में एक समर्पित पुलिस अधिकारी की भूमिका निभाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रिंसीपल डॉ. मेजर एचएस कंग ने पूर्व छात्रा मनदीप का उनके अल्मा मेटर में वापस आने पर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि उनके कॉलेज की प्रतिभावान रही छात्रा मनदीप की काबिलियत पर सभी को नाज है।

इस दौरान कॉलेज की वाइस प्रिंसीपल डॉ. कमलप्रीत कौर ने पूर्व छात्रआ मनदीप और प्रतिष्ठित फिल्म लगान में अपनी भूमिका के लिए प्रसिद्ध कलाकार आदित्य लाखिया का गर्मजोशी से स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान मनदीप ने अपने कॉलेज के दिनों को याद किया और अपने गुरुओं को उनके अटूट समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया। मौके पर डॉ.अमरजीत सिंह, डॉ. रामेश्वर, डॉ. बोधराज, डॉ. रणजीत सिंह, डॉ. श्वेता, प्रो. जसप्रीत सिंह आदि ने पूर्व छात्रा मनदीप को उनकी उपलब्धि पर बधाई दी। इस अवसर पर कॉलेज गवर्निंग बॉडी और प्रबंध समिति के अध्यक्ष सरदार रणदीप सिंह जौहर ने मनदीप जैसी प्रतिभाओं को पोषित करने के लिए कॉलेज की सराहना की। उन्होंने कॉलेज के पूर्व विद्यार्थियों को उनके प्रयासों में समर्थन देने के लिए संस्थान की प्रतिबद्धता दोहराई।

## इंस्ट्राग्राम पर दोस्ती कर युवती से किया दुष्कर्म

**यमुनानगर।** सदर यमुनानगर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी कुछ साल पहले इंस्टाग्राम पर लापरा निवासी कासिम के साथ दोस्ती हुई थी। उस समय वह 17 वर्ष की थी। आरोपी उत्तर प्रदेश के सहारनपुर के सरसावा में हड्डी का डाक्टर है। वहीं पर उसकी दुकान है। 20 अप्रैल को आरोपी ने उसे मिलने के लिए बुलाया। जब वह आरोपी से मिलने के लिए गई तो आरोपी उसे अपने घर लेकर गया। उस समय आरोपी की पत्नी घर पर नहीं थी। जिसका फायदा उठाकर आरोपी ने उसके साथ गलत काम किया। इसके बाद आरोपी ने उसके साथ कईं बार दुष्कर्म किया। युवती ने बताया कि इसके बाद घर वालों ने उसका निकाह कर दिया। उसने भी आरोपी से संबंध तोड़ लिया था लेकिन निकाह के बाद जब वह मायके में आई तो आरोपी ने फिर से उसे तंग करना शुरू कर दिया। आरोपी उसे धमकी देकर होटल में लेकर गया और गलत काम किया। परेशान होकर उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# टैगोर के लेख आज भी दे रहे प्रेरणा

- गुरु रविंद्र नाथ टैगोर की श्रद्धापूर्वक मनाई जयंती
- वेलफेयर एसोसिएशन रादौर ने कस्बा में आयोजित किया कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर



**यमुनानगर।** रादौर में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते हुए एसोसिएशन के सदस्य।

वेलफेयर एसोसिएशन रादौर के तत्वावधान में मंगलवार को कस्बा में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रगान के रचयिता गुरु रविंद्र नाथ टैगोर की जयंती पर उन्हे याद किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसोसिएशन के प्रधान भगवतदयाल कटारिया ने की। एसोसिएशन के प्रधान भगवतदयाल कटारिया ने बताया कि गुरू रविंद्रनाथ टैगोर एक महान भारतीय कवि थे। टैगोर ने अपनी शिक्षा घर में ही विभिन्न विषयों के निजी शिक्षकों के संरक्षण में ली। कविता लिखने की शुरुआत इन्होंने बहुत कम उम्र में ही कर दी थी। उन्होंने हजारों कविताएं, लघु कहानियां, गानें, निबंध व नाटक आदि लिखे हैं। टैगोर और उनका कार्य पूरे विश्व भर में प्रसिद्ध है। वो पहले ऐसे भारतीय बने जिन्हें गीतांजलि नामक अपने महान लेखन के लिए1913 में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वो एक दर्शनशास्त्री, एक चित्रकार और एक महान देशभक्त भी थे। जिन्होंने हमारे देश के राष्ट्रगान जन गण मन की रचना की। रविंद्र नाथ टैगोर ठाकुर के नाम से भी जाने जाते थे और गुरुदेव के नाम से अधिक प्रसिद्ध थे। वो एक महान भारतीय कवि थे। जिन्होंने देश को कई प्रसिद्ध लेखन दिया। बेशक वह कालीदास के बाद एक महानतम कवि थे। आज वह पूरी दुनिया में एक महानतम कवि और सभी जीवन काल के लेखक के रुप में प्रसिद्ध हैं। वह 1902 में शांतिनिकेतन में विश्व भारती यूनिवर्सिटी के संस्थापक रहे। उन्होंने बताया कि गुरु रविंद्र नाथ टैगोर ने जलियांवाला बाग नरसंहार के खिलाफ़ एक विरोध में 1919 में ब्रिटिश सरकार द्वारा दिए गए एक अवार्ड नाइटवुड को इन्होंने अपने देश और देशवासियों के प्रति अन्तहीन प्यार के कारण वापस कर दिया। इनका महान लेखन आज भी देश के लोगों को प्रेरणा दे रहे हैं।

# ट्विन सिटी से हटाए अवैध होर्डिंग व फ्लेक्स बोर्ड

- मंगलवार को निगम की टीम ने शहर के गोविंदपुरी रोड, मॉडल टाउन व महाराणा प्रताप चौक समेत अन्य स्थानों पर चलाया होर्डिग्स हटाओ अभियान
- निगमायुक्त आयुष सिन्हा के निर्देशों पर की सहायक अभियंता राजेश की टीम ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर





**यमुनानगर।** अवैध रुप से लगाए गए होर्डिंग्स को हटाते हुए निगम के कर्मचारी।

नगर निगम यमुनानगर जगाधरी द्वारा ट्विन सिटी में चलाए जा रहे अभियान के तहत मंगलवार को आधा दर्जन स्थानों से होर्डिंग्स, फ्लेक्स बोर्ड व बैनर हटाए गए। इस दौरान निगम प्रशासन द्वारा लोगों को शहर की सुंदरता बनाए रखने के लिए किसी प्रकार के होर्डिंग्स, बैनर फ्लेक्स बोर्ड नहीं लगाए जाने के निर्देश दिए। मंगलवार सुबह नगर निगम की टीम ने शहर के मॉडल टाउन, गोविंदपुरी रोड, शहीद भगत सिंह चौक, महाराणा प्रताप चौक, रेलवे रोड, भाटिया नगर, कन्हैया साहिब चौक व नेहरू पार्क समेत विभिन्न स्थानों पर अवैध रूप से लगाए गए होडिंर्ग, फ्लेक्स बोर्ड, पोस्टर व बैनरों को हटाया। यह होडिंर्ग व फ्लेक्स बोर्ड शहर के मुख्य मार्गोर् पर स्ट्रीट लाइट के पोल, विभिन्न चौकों, पाकोंर् की दीवारों व अन्य सार्वजनिक स्थानों पर अवैध रूप से लगाए हुए थे। इससे जहां शहर की सुंदरता बिगड़ती है। वहींए नगर निगम के राजस्व को नुकसान हो रहा था। मौके पर निगम के सहायक अभियंता राजेश शर्मा ने बताया कि कुछ लोगों ने बिना नगर निगम की अनुमति से शहर में अवैध रूप से होडिंर्ग व फ्लेक्स बोर्ड लगाए हुए थे। निगमायुक्त आयुष सिन्हा के निर्देशों पर इन अवैध होडिंर्ग, पोस्टर व बैनर को हटाया गया। उन्होंने कहा कि नगर निगम की अनुमति के बिना कोई भी होडिंर्ग और बैनर न लगाएं। बिना अनुमति लगाए गए होडिंर्ग व फ्लेक्स बोर्ड को हटाकर जब्त कर लिया जाएगा। निगम द्वारा होडिंर्ग व बैनर लगाने के लिए कुछ स्थान निर्धारित किए गए हैं। यदि किसी को अपने प्रचार के लिए होडिंर्ग लगाने है तो निर्धारित फीस जमा कर निर्धारित स्थानों पर होडिंर्ग लगा सकते हैं। होडिंर्ग लगाने के लिए इच्छुक व्यक्ति नगर निगम कार्यालय में संपर्क कर सकते है। शहर को सुंदर बनाने में सभी सहयोग करें। अवैध कब्जे, होडिंर्ग व फ्लेक्स बोर्ड न लगाए।

# किशोरी ने लगाया दुष्कर्म का आरोप, मामला दर्ज

- आरोपी ने दुष्कर्म की बात किसी को बताने पर उसे जान से मारने की धमकी भी दी
- पुलिस ने आरोपी के खिलाफ किया केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

युवती के साथ दुष्कर्म करने के मामले सामने आए हैं। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार 17 वर्षीय युवती ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह चार माह पहले अपने मामा के घर पर गई थी। जहां पर शिवम नाम का युवक एसी ठीक करने के लिए आया हुआ था। आरोपी युवक ने उससे उसका मोबाइल नंबर ले लिया। जिसके बाद आरोपी उससे फोन पर बात करने लगा। छह मई को आरोपी ने उसे मिलने के लिए बुलाया। जब वह आरोपी से मिलने के लिए गई तो आरोपी उसे टाउन पार्क के पास बने कमरे में ले गया। जहां आरोपी ने उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया। विरोध करने पर आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। बाद में आरोपी उसे रास्ते में छोड़कर फरार हो गया। उसने घर पहुंचकर घटना के बार में परिजनों को बताया। परिजनों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी शिवम के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# विद्यार्थियों को समझाया मतदान का महत्व

- राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बापा में मतदाता जागरुकता कार्यक्रम का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर



**यमुनानगर।** राजकीय स्कूल बापा में मतदान करके व्यावहारिक रुप से मतदान का महत्व समझते हुए।

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बापा में मंगलवार को कक्षा नौवीं से बारहवीं के विद्यार्थियों के लिए मतदाता जागरुकात कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने खेल खेल में मतदान करने, नामांकन दाखिल कर मतदान के महत्व को समझा। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल प्रधानाचार्य सुभाष चंद ने की। स्कूल के प्राध्यापक सुरेश वर्मा बताया कि चुनाव प्रक्रिया के द्वारा चुनाव करवाकर बच्चों को खेल खेल में मतदान की प्रक्रिया समझाई गई। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में सबसे पहले चुनाव प्रक्रिया में भाग लेने के लिए छात्र उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया। सरपंच पद के लिए चुनाव लड़ा। सभी बच्चों ने अपने अपने उम्मीदवार का प्रचार प्रसार किया। चुनाव प्रक्रिया में पोलिंग पार्टी में अरुण, अली, लविश, उस्मान, जसवंत, युवराज, सलीम, हसन प्रीत व अमन ने सक्रिय भूमिका निभाई। बच्चों को पोलिंग पार्टी के बारे में बताया कि किस प्रकार चुनाव संपन्न करवाया जाता है। बच्चों को लोकतंत्र में मतदान की गोपनीयता के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। वहीं बच्चों ने अपने अपने उम्मीदवार के नाम व चुनाव चिन्ह के सामने बेल्ट पेपर पर मोहर लगाकर अपने अपने मत को मतपेटी में डाला। चुनाव प्रक्रिया के समापन के बाद पीठासीन अधिकारी, पोलिंग पार्टी के सदस्यों व उम्मीदवारों के सामने मतगणना की गई और विजेता उम्मीदवार की घोषणा की गई। मौक पर योगेश शर्मा, विवेक छाबड़ा, रजनी देवी, सतबीर, परवीन, दीपचंद, रीना रानी व राकेश पांचाल आदि मौजूद रहे।

# रंजिश के चलते युवक पर हमला कर किया घायल

- पुलिस ने चार आरोपियों को नामजद करते हुए दो अन्य के खिलाफ किया केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

शहर की रायेपुर कॉलोनी में रंजिश के चलते आधा दर्जन युवकों ने गांव के ही समद को पीटकर घायल कर दिया। घायल का इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद चार आरोपियों को नामजद करते हुए दो अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रायेपुर निवासी शाकिब ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि कुछ दिन पहले आरोपी कुमेर के भाई आशिक ने उसकी बहन के साथ छेड़छाड़ की थी। जिसकी शिकायत उन्होंने पुलिस में दी थी। जिस कारण समाज में कुमेर व उसके भाई आशिक को काफी नीचा देखना पड़ा था। जिसके बाद से वह उसके परिवार से रंजिश रखने लगा। शाकिब ने बताया कि 28 अप्रैल को उसका भाई समद कॉलोनी के कब्रिस्तान में बैठा था। इस दौरान आरोपी नौसाद, शादीपुर निवासी शारूख, दौलतपुर निवासी कुमेर तथा रायेपुर निवासी कुमेर ने अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर उसके भाई पर बिंडों से हमला कर दिया।

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने अधिकारियों को दिए निर्देश

# सोशल मीडिया की निगरानी पर फोकस करें अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



**यमुनानगर।** अपने कार्यालय में सोशल मीडिया की निगरानी पर फोकस करने के लिए निर्देश देते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन मनोज कुमार।

- रिपोर्ट के आधार पर संबंधित उम्मीदवार या पार्टी के खाते में उस विज्ञापन का खर्चा जोड़ दिया जाएगा

लोकसभा चुनाव में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर गठित टीम व अधिकारी सोशल मीडिया की निगरानी पर फोकस करें। ताकि वह किसी के पक्ष या खिलाफ में भ्रामक सामग्री का प्रसारण ना कर सकें। उक्त निर्देश जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने दिए।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि अखबार, टेलीविजन व रेडियो की तरह सोशल मीडिया पर भी चुनाव के दौरान प्रचार किया जाता है। जिस पर राशि खर्च होती है।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों पर जिला में गठित टीम इस बारे लोकसभा आम चुनाव के दौरान सोशल मीडिया पर पैनी नजर रखें और किसी भी तरह का विज्ञापन मिलने पर उसकी रिपोर्ट खर्च के ब्यौरे सहित खर्चा निगरानी टीम को देना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि रिपोर्ट के आधार पर संबंधित उम्मीदवार या पार्टी के खाते में उस विज्ञापन का खर्चा जोड़ दिया जाएगा।

### निगरानी है बहुत जरूरी

जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्पष्ट किया कि लोकसभा आम चुनाव के दौरान सोशल मीडिया की निगरानी बहुत जरूरी है। सोशल मीडिया पर भी कई बार चुनाव के दौरान यूट्यूब वीडियो प्लेटफॉर्म आदि पर उम्मीदवार व पार्टी चुनाव का प्रचार करते हैं। निगरानी टीम को यदि ऐसे चैनल या वीडियो मिलते हैं जो किसी प्रत्याशी या राजनीतिक दल का समर्थन करते हों या जाति, धर्म विशेष के पक्ष में या कोई भ्रामक सामग्री दर्शाते हों या आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करते हों तो उस स्थिति में संबंधित यूट्यूब चैनल चलाने वाले के खिलाफ आईटी एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज करवाकर कार्रवाई करें।

### चुनाव में निभाएं निष्पक्ष भूमिका

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आदर्श आचार संहिता एक समान रूप से सभी लोगों पर लागू होती है। मीडिया में प्रकाशित या प्रसारित होने वाली खबर किसी के पक्ष में या किसी के खिलाफ नहीं होनी चाहिए। ऐसी खबरें छापने या चलाने से परहेज किया जाए जो किसी धर्म, जाति या समुदाय के पक्ष एवं विपक्ष में हों। साथ ही किसी भी खबर को प्रकाशित या प्रसारित करने से पहले उसकी पुष्टि कर लेनी चाहिए। सभी उम्मीदवारों एवं पार्टियों को एक समान स्थान देना चाहिए।

# विद्यार्थियों को बताया योग का महत्व

- जेएमआईटीआई इंजीनियरिंग कॉलेज रादौर में सहज योग पर आयोजित हुआ कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर



**रादौर।** जेएमआईईटीआई इंजीनियरिंग कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में सहज योग के महत्व को बताते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

जेएमआईटीआई इंजीनियरिंग कॉलेज रादौर में संस्थान के पर्सनेलिटी डवेलपमेंट डिपार्टमेंट के तत्वावधान में ध्यान व सहजयोग पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को सहज योग व ध्यान का महत्व समझाया। कार्यक्रम में प्रशिक्षक अंकुर ने प्रतिभागियों को तनाव को प्रबंधित करने, एकाग्रता बढ़ाने व भावनात्मक लचीलेपन को बढ़ावा देने के लिए व्यावहारिक तकनीकों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने निर्देशित ध्यान और सहज योग के अभ्यास के माध्यम से विद्यार्थियों ने अपनी आंतरिक ऊर्जा का उपयोग करना, सद्भाव व संतुलन की स्थिति हासिल करना सीखा। प्रशिक्षक अंकुर ने पहल के बारे में कहा कि आज की आधुनिकता की दुनिया में हमारे विद्यार्थियों को समग्र कल्याण के लिए उपकरणों से लैस करना महत्वपूर्ण है। ध्यान और सहज योग स्वयं के लिए अमूल्य तकनीक प्रदान करते हैं।

## खबर संक्षेप

### कुरुक्षेत्र तीर्थाटन में अग्रवाल धर्मशालाओं का महत्व



**कुरुक्षेत्र।** श्रीवैश्य अग्रवाल पंचायत के प्रधान सत्य प्रकाश गुप्ता ने कहा कि तीर्थों की संगम स्थली एवं धर्मनगरी कुरुक्षेत्र की जहां देश विदेश में विशेष पहचान है। वहीं श्री वैश्य अग्रवाल पंचायत के अंतर्गत अग्रवाल धर्मशालाएं प्रतिदिन देश विदेश से आने वाले यात्रियों एवं पर्यटकों के ठहरने के लिए खास सुविधाओं के साथ सेवा कर रही हैं। प्रधान सत्य प्रकाश गुप्ता ने बताया कि आजकल रेलवे रोड़ स्थित अग्रवाल धर्मशाला में दूसरे तल का निर्माण कार्य चल रहा है ।

### समाज की सेवा करना ही मुख्य ध्येय : शालू

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी नवीन जिन्दल की पत्नी और नेशनल बाल भवन की पूर्व चेयरपर्सन श्रीमती शालू जिन्दल ने कहा कि समाज की सेवा करना ही उनके पति का मुख्य ध्येय है। उन्होंने लोगों का आह्वान किया कि बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए नवीन जिन्दल को भारी मतों से विजयी बनाएं। जिन्दल आज लाडवा में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह के सान्निध्य में आयोजित शक्ति केंद्र प्रमुखों की बैठक में अपने विचार प्रकट कर रही थीं।

### प्राणायाम विशेषज्ञ बनाए जाएंगे : ओम प्रकाश

**कुरुक्षेत्र।** भारतीय योग संस्थान मुख्यालय रोहिणी दिल्ली की हरियाणा प्रांत इकाई द्वारा संस्थान की दिल्ली प्रांत इकाई की तर्ज पर प्राणायाम विशेषज्ञ बनाए जाएंगे। चयनित कार्यकताअरं को विशेष प्रकार का ऑनलाइन व ऑफलाइन प्रशिक्षण दिया जाएगा जिसमें प्रशिक्षणार्थियों को मानव शरीर विज्ञान की विस्तृत जानकारी के साथ-साथ सभी प्रकार के श्वसन, प्राणायाम, योग क्रियाओं, योग मुद्राओं इत्यादि की सही विधि, निषेध, सावधानियां, सजकता केंद्र, प्रभाव व लाभ बता कर प्राणायाम के प्रत्येक पहलू के बारे में अधिक से अधिक जानकारी उपलब्ध करवाई जाएगी।

### भगवान तथा भक्त के योग में लक्ष्मी का वास : साध्वी

**करनाल।** महाप्रभावी श्री घंटाकर्ण देवस्थान पर विशेष कृपा दिवस कृष्ण चौदस के उपलक्ष्य में मासिक श्रद्धालु संगम का आयोजन श्रद्धा-भक्ति, आस्था तथा समर्पण के मंगलमय वातावरण में संपूर्ण हुआ। सर्वप्रथम श्री घंटाकर्ण बीजमंत्र के सामूहिक जाप से दैवी शक्ति का आह्वान करते हुए लोकमंगल की कामना की गई। महासाध्वी प्रमिला जी महाराज ने अपने वक्तव्य में कहा कि भारतीय संस्कृति में भक्ति आत्मा को परमात्मा तक पहुंचाने का माध्यम है। भक्तिपूर्ण समर्पण से असंभव को भी संभव किया जा सकता है और पराशक्तियों की दैवी कृपा से अलौकिक सफलता पाई जा सकती है।

### स्वास्थ्य केंद्र तरावड़ी में विश्व अस्थमा दिवस मनाया

**तरावड़ी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तरावड़ी में विश्व अस्थमा दिवस मनाया गया1 जिसकी अध्यक्षता डॉक्टर कैलाश गर्ग वरिष्ट चिकित्सा अधिकारी ने की1 उन्होंने कहा कि आज का दिन अस्थमा बीमारी को लेकर जागरूकता फैलाने के लिए मनाया जाता है1 अस्थमा सांस से संबंधित समस्या है1 जिस व्यक्ति को अपने खाने-पीने का खास ख्याल रखना चाहिए क्योंकि खाने-पीने में जरा सी लापरवाही करने से समस्या बढ़ जाती है , जो व्यक्ति अस्थमा नामक बीमारी से ग्रस्त है।

### आदर्श चुनाव आचार संहिता की पालना करें

**करनाल।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव व करनाल विधानसभा उपचुनाव के दौरान सभी राजनीतिक पार्टियां एवं उम्मीदवार आदर्श चुनाव आचार संहिता की पालना करें। जिला प्रशासन का संकल्प है कि स्वतंत्र, निष्पक्ष तथा शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव को संपन्न करवाया जाए। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान राजनैतिक पार्टियां व उनके प्रत्याशी यह ध्यान रखें।

---

### मतदान केंद्रों पर सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हों : शांतनु

# लोकसभा चुनाव को निष्पक्षता से करवाने को अफसरों की बैठक

**चुनाव आयोग की हिदायतों की अनुपालना सुनिश्चित करते हुए चुनाव करवाने बारे निर्देश दिए गए**



**कुरुक्षेत्र।** बैठक में मौजूद सामान्य ऑब्जर्वर डा. माधवी खोड़े चवरे, पुलिस ऑब्जर्वर डा. रवि, एक्सपेंडिचर ऑब्जर्वर कार्तिक लक्ष्मण भाई सारेसा व अन्य अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

लोकसभा आम चुनाव-2024 के दृष्टिद्गगत्त कुरुक्षेत्र ससंदीय क्षेत्र के लिए की गई तैयारियों बारे मंगलवार को लघु सचिवालय के सभागार में सामान्य ऑब्जर्वर डा. माधवी खोड़े चवरे, पुलिस ऑब्जर्वर डा. रवि, एक्सपेंडिचर ऑब्जर्वर कार्तिक लक्ष्मण भाई सारेसा ने समीक्षा करते हुए चुनाव के सफलता पूर्वक आयोजन को लेकर आवश्ययक दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर कुरुक्षेत्र के जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त शांतनु शर्मा, कैथल के जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त प्रशांत पंवार, पुलिस अधीक्षक कुरुक्षेत्र सुरेंद्र पाल, पुलिस अधीक्षक कैथल उपासना के साथ-साथ एआरओ मौजूद रहे। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त शांतनु शर्मा ने सामान्य ऑब्जर्वर को कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र के तहत चुनाव के लिए जो तैयारियां की गई है, उस बारे विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि चुनाव के सफलता पूर्वक आयोजन को लेकर संबंधित अधिकारियों की एक बैठक लेकर उन्हें चुनाव आयोग की हिदायतों की अनुपालना सुनिश्चित करते हुए चुनाव करवाने बारे निर्देश दिए गए है। सभी मतदान केंद्रों का जायजा लेते हुए वहां पर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हों, यह भी सुनिश्चित कर लिया गया है। एफएसटी, एसएसटी, वीवीटी टीमें फील्ड में रहकर हर गतिविधि पर नजर रखकर कार्य कर रहीं है। सी-विजिल ऐप के माध्यम से भी जो भी शिकायतें प्राप्त हुई है, उनका भी समय रहते यानि 100 मिनट के अंदर मौके पर जाकर टीमें समाधान कर रही है। मतदान प्रतिशत बढ़े, इसके लिए स्वीप गतिविधियों के माध्यम से नागरिकों को जागरुक करने का काम किया जा रहा है। आयोग की हिदायतों अनुसार ईवीएम, वीवीपेट की रिंडमाईजेशन का कार्य राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि पिछले चुनाव की अपेक्षा इस बार मतदान प्रतिशत बढ़े, इसके लिए निरंतरता में कार्य किया जा रहा है। पिंक बूथ, पीडब्लयूडी बूथ के साथ-साथ सभी बूथों पर बेहतर व्यवस्थाएं की जांएगी ताकि मतदाता को मतदान करते समय किसी प्रकार की परेशानी ना हो। पीठासीन व वैकल्पिक अधिकारियों को भी प्रशिक्षण दिलवाकर चुनाव के सफल आयोजन के निर्देश दिए गए है। बैठक के दौरान खर्चा पर्यवेक्षक कार्तिक लक्ष्मण भाई सारेसा ने भी चुनाव के तहत प्रत्याशियों के खर्चे से संबंधित जो मापदंड है, उसकी जानकारी देते हुए इसकी पालना हो, इसके लिए संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कैथल के जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त प्रशांत पंवार ने भी लोकसभा चुनाव को लेकर विधानसभा क्षेत्र अनुसार की गई तैयारियों बारे सामान्य ऑब्जर्वर को विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग की हिदायतों अनुसार का चुनाव का सफलतापूर्वक आयोजन करवाया जाएगा।

#### सामान्य ऑब्जर्वर डा. माधवी खोड़े चवरे ने मतदाताओं के लिए बनाए गए एप की सराहना

सामान्य ऑब्जर्वर डा. माधवी खोड़े चवरे ने जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त शांतनु शर्मा के मार्गदर्शन में एनआईसी द्वारा मतदाताओं की सुविधा के लिए जो ऐप तैयार की गई है, उसकी सराहना की। उन्होंने कहा कि इस ऐप के माध्यम से चुनाव से संबंधित संपूर्ण जानकारी सुगमता से मिल सकेगी। जैसे किस बूथ पर कितनी वोटिंग हुई, कितनी लंबी लाईन है तथा मतदाता को भी अपने बूथ पर कितनी संख्या में लोग खड़े है, उसकी जानकारी मिल सकेगी। उन्होंने अन्य जिलों को भी इस तरह के कार्य करने बारे प्रेरित किया। इस मौके पर डीआईओ विनोद सिंगला सहित उनकी पूरी टीम मौजूद थी।

#### द्वितीय रेंडेमजाईनेशन का कार्य हुआ संपन्न

चुनाव तहसीलदार सरला ने कहा कि लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत पोलिंग स्टाफ की द्वितीय रेंडमाइजेशन का कार्य सामान्य ऑब्जर्वर, पुलिस आर्ब्जवर, खर्चा पर्यवेक्षक व जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में किया गया है। एनआईसी द्वारा तैयार किए गए सॉफ्टवेयर के माध्यम से विधानसभा क्षेत्र अनुसार रेंडमाइजेशन का कार्य चुनाव आयोग की हिदायत अनुसार किया गया है।

#### 2 हजार जवान होंगे तैनात

पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र पाल ने चुनाव को शांतिपूर्ण व निष्पक्ष रुप से संपन्न करवाने के लिए सभी तैयारियां की जा रही है। उन्होंने चुनाव से पहले प्री-पोल वाले दिन व चुनाव वाले दिन पुलिस की जो व्यवस्था रहेगी, उस बारे भी पुलिस ऑब्जर्वर डा. रवि को विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि चुनाव के तहत लगभग 2 हजार जवानों की तैनाती रहेगी। स्ट्रॉंग रुम में सुरक्षा की दृष्टि से सीसीटीवी कैमरे व थ्री लैयर की व्यवस्था रहेगी। फर्स्ट लेयर में पेरामिलटरी फोर्स, सैंकिंड लेयर में स्टेट एचएपी पुलिस व थर्ड लेयर में जिला पुलिस की तैनाती रहेगी। इसके साथ-साथ गश्त पार्टियां भी फील्ड में रहकर हर गतिविधि पर नजर रखते हुए कार्य करेंगी। उन्होंने यह भी बताया कि आदर्श आचार संहिता के बाद जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन द्वारा तैयार की गई टीमों द्वारा अवैध गतिविधियों पर शिकंजा कसा गया है।

---

## बाल विवाह जैसी कुप्रथा समाज के विकास में बाधक : भानु



- बच्चों को बाल- विवाह एवं बाल-मजदूरी जैसी सामाजिक कुरीतियों के विषय में किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

आर्य कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विधालय, शाहाबाद मारकंडा में एमडीडी ऑफ इन्डिया की तरफ से एक कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बाल विवाह निषेध अधिकारी भानु गौड और एमडीडी ऑफ इंडिया के जिला सह सयोजक रामलाल सिरसल मुख्य रूप से पहुचे। स्कूल प्राचार्या रेखा सेतिया ने आये हुए अतिथियों का स्वागत किया।

कार्यक्रम में बच्चों को बाल-विवाह एवं बाल-मजदूरी जैसी सामाजिक कुरीतियों के विषय में जागरूक किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि बाल-विवाह निषेध अधिकारी भानु गौड ने विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि बाल विवाह जैसी कुप्रथा आज भी हमारे समाज में बच्चों का बचपन छीनकर हमारे समाज के विकास में बाधक बनी हुई है। उन्होंने बच्चों को अपने आस-पास हो रही ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए 112 व 1098 जैसे फोन नंबर के विषय में विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि वे बाल-विवाह, बाल-मजदूरी व बाल-यौन शोषण जैसी घटनाओं को रोककर पीड़ित बच्चों की सहायता कर सकते हैं। 10 मई को अक्षय तृतीया के अवसर पर विना मुहूर्त के बहुत शादियां होती है। ऐसे समय में अंदेशा रहता है कि कोई ना कोई बाल विवाह भी होता होगा। एम.डी.डी. ऑफ इन्डिया के जिला सह संयोजक, रामलाल सिरसल ने बच्चों को बाल मजदूरी के विषय में बताते हुए कहा कि वह मन लगाकर पढाई करें तथा उच्च लक्ष्य हासिल करके बाल-मजदूरी व बाल-विवाह जैसी कुरीतियों को दूर करने के लिए प्रेरित करे।

इस अवसर पर बाल-विवाह निषेध अधिकारी के सहायक अमित कुमार, एमडीडी ऑफ इंडिया के सीएसडब्लू प्रवीण कुमार, गीता रानी, आशा चौहान, मोनिका छाबरा, सुषमा शर्मा, स्टाफ व बच्चे उपस्थित रहे।

---

## श्रद्धालुओं को श्रीकृष्ण जन्म के प्रसंग का करवाया रसपान

- अनिल शास्त्री ने श्रीकृष्ण जन्म की कथा सुनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



**कुरुक्षेत्र।** कथा सुनाते कथावाचक पंडित अनिल शास्त्री।

श्री गौ गीता गायत्री सत्संग सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा सेक्टर- 8 पार्क में संस्थापक अध्यक्ष भागवत प्रवक्ता वेदाचार्य अनिल शास्त्री ने श्रद्धालुओं को श्रीकृष्ण जन्म के प्रसंग का रसपान करवाया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पंडित जय भगवान शर्मा डी.डी ने व्यास पूजन किया एवं आशीर्वाद प्राप्त किया। सभी भक्तों ने मिलकर श्रीकृष्ण जन्मोत्सव गाजे बाजे के साथ बहुत धूमधाम से मनाया। कथावाचक अनिल शास्त्री ने श्रीकृष्ण जन्म की कथा सुनाई। विवाह के बाद कंस अपने रथ पर बासुदेव और देवकी के साथ जा रहे थे। तभी आकाश से घोर गर्जना होती है की कंस देवकी के गर्भ से जन्मीं आठवीं संतान तेरा काल बनकर तेरा नाश करेगी। कंस ने भय के वशीभूत होकर अपनी बहन देवकी एवं बासुदेव को कारागार मे डाल दिया और एक एक कर छह संतानों का जन्म लेने के साथ ही बध कर दिया। सातवे गर्भ का संकर्षण हो गया।उधर देवकी ने आठवां गर्भ धारण किया तभी कंस ने सैनिकों को सावधान कर दिया की मेरा काल आ रहा है। भाद्रक्रष्ण अष्टमी की मध्यरात्रि मे भगवान नारायण बालक के रूप मे प्रकट हुए और कहा कि मुझे गोकुल नंदबाबा के यहा छोड़ आए तथा वहा से योगमाया को साथ ले आए। कथा के उपरांत महा आरती हुई और भगवान को भोग लगाने के पश्चात सबको प्रसाद वितरण किया गया।

### दर्जनों लोगों ने थामा भाजपा का दामन

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र में जनसंपर्क के दौरान पूर्व पार्षद प्रदीप सैनी, राजेश कुमार व नरेश सैनी नंबरदार सहित दर्जनों लोगों ने पार्टी को अलविदा करके राज्यमंत्री सुभाष सुधा के नेतृत्व में भाजपा पार्टी का दामन थाम लिया है। राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि पार्टी में शामिल हुए सभी लोगों को पार्टी की नीति के अनुसार पूरा मान सम्मान दिया जाएगा। भाजपा की जन हितैषी नीतियों के कारण कई बड़ी पार्टियों के नेता व कार्यकर्ता भाजपा पार्टी में शामिल हो रहे है। राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में प्रदेश में बेहतरीन कार्यप्रणाली के नए आयाम स्थापित किए हैं। प्रत्यक्ष को प्रमाण की जरूरत नहीं होती। गरीब परिवारों को उज्जवला स्कीम के तहत रसोई गैस सिलेंडर उपलब्ध करवाए गए हैं।

## डॉ. आरएस घुम्मन लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित

- यह पुरस्कार राष्ट्रीय शिक्षा समिति के सचिव वीरेन्द्र कौशल द्वारा प्रदान किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शाहबाद




**शाहबाद।** सम्मान प्राप्त करते डा. आरएस घुम्मन। *फोटो : हरिभूमि*

सतलुज सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य डॉ. आरएस घुम्मन को राष्ट्रीय शिक्षा समिति टोहाना द्वारा 4 मई, 2024 को उनके 38 वर्षों की उत्कृष्ट सेवाओं के लिए लाइफ टाइम अचीवमेंट के अवार्ड से विभूषित किया गया। यह पुरस्कार राष्ट्रीय शिक्षा समिति के सचिव वीरेन्द्र कौशल द्वारा प्रदान किया गया। उल्लेखनीय है कि डॉ. आरएस घुम्मन शिक्षाविद होने के साथ साथ शहर की कई धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं से जुड़े हुए हैं और देश का भविष्य तैयार करने के साथ साथ समाज सेवा में अतुलनीय भूमिका निभा रहे हैं। डॉ. घुम्मन द्वारा संचालित शिक्षण संस्थाएं समाज में अनूठा स्थान रखती हैं। क्योंकि यहां पर अनुशासन, शिक्षा, खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का अनूठा संयम देखने को मिलता है। इस अवसर पर राष्ट्रीय समिति द्वारा सहायक प्रोफेसर मनिंदर सिंह घुम्मन, मोनिका घुम्मन, उपप्रधान पूरण चंद शर्मा, वाईस प्रिंसिपल वीरेन्द्र सिंह, एडमिनिस्ट्रेटर मनोज भसीन, व स्कूल अध्यापकगण ममता जैन, अनु अग्रवाल, दीपिका बजाज, कोनिका बाली, लीना, मोहिंदर कुमार, बलजीत सिंह, अर्पित गुप्ता को भी द्रोणाचार्य अवार्ड से सम्मानित किया गया।

---

## केयू में विश्व रेडक्रॉस दिवस पर कार्यक्रम आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय परिसर में बुधवार को केयू यूथ रेड क्रॉस यूनिट द्वारा कुवि कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में विश्व रेडक्रॉस दिवस कार्यक्रम आयोजित होगा। इस अवसर पर कुवि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा बतौर मुख्यातिथि यूथ रेडक्रॉस वालंटियर्स को सम्मानित करेंगे जिन्होंने कठिन समय में मानवता की सेवा में अमूल्य योगदान दिया था। केयू यूथ रेडक्रॉस के प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर प्रो. दिनेश सिंह राणा ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान युवा वालंटियर्स को पढ़ाई के साथ-साथ विभिन्न सामाजिक कल्याण कार्यों सहित प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण, रक्तदान व अंगदान जैसे शिविरों में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में यूथ रेडक्रॉस की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी व आगामी योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी जाएगी ताकि विभिन्न सामाजिक एवं मानवता की कल्याणकारी योजनाओं को वालंटियर्स के माध्यम से सुचारू रूप से चलाया जा सके।

## अग्निशमन यंत्र का प्रशिक्षण दिया

- अपनी स्वयं की सुरक्षा का ज्ञान होना भी जरूरी : अनुज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। प्रशिक्षण लेते विद्यार्थी। *फोटो : हरिभूमि*

गीता निकेतन विद्या मंदिर सेक्टर -3 कुरुक्षेत्र विद्यालय में आज विद्यार्थियों को अग्नि समय यंत्र का प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान अग्निशमन यंत्र से आग किस प्रकार बुझाई जाती है तथा कठिन परिस्थितियों में आग पर कैसे काबू पाया जा सकता है, इसको लेकर छात्रों को प्रैक्टिकल के माध्यम से जानकारी दी गई। अवसर पर विद्यालय शारीरिक शिक्षक अनुज जोशी ने छात्रों को संपूर्ण जानकारी दी और बताया कि घटना के दौरान मन व मस्तिष्क का संतुलन नहीं खोना चाहिए। साथ ही आग पर काबू पाने का प्रयास करना चाहिए। इसके लिए कुछ छोटी-छोटी जानकारियों का होना जरूरी है। अपनी स्वयं की सुरक्षा का ज्ञान होना भी जरूरी है। छात्रों ने स्वयं अग्निशमन यंत्र का प्रयोग किया इस अवसर पर विद्यालय आचार्या कविता दत्त, भारती की गरिमा में उपस्थिति रही।

## ज्येष्ठ महीने से पहले ही गर्मी दिखा रही तीखे तेवर



**कुरुक्षेत्र।** कृषि वैज्ञानिक डा. सी.बी. सिंह।

**कुरुक्षेत्र।** गर्मियों में ज्येष्ठ महीना विशेष माना गया है। ज्येष्ठ महीना शुरू होने में अभी करीब 15 दिन हैं। विशेषज्ञों के अनुसार गर्मी ने वैशाख के दिनों में असली रूप अभी से दिखाना शुरू कर दिया है। कुरुक्षेत्र तथा आसपास के क्षेत्रों का मंगलवार को तापमान 41 डिग्री के पार रहा। कृषि वैज्ञानिक डा. सी.बी. सिंह ने मौसम विभाग के संकेतों के अनुसार बताया कि गर्मी इस समय गर्मी अपने उफान की तरफ है। उन्होंने बताया कि मौसम विभाग के अनुसार वैसे अगले तीन चार दिनों तक भी मौसम खुश्क बना रह सकता है। 9 मई की रात्रि से एक बार फिर से मौसम परिवर्तनशील होने की संभावना है। गर्मी के तीखे तेवरों के बाद हरियाणा के कुछ क्षेत्रों में बरसात की बौछार की भी संभावना बनी रहेगी। डा. सिंह ने बताया कि 10 से 13 मई के बीच गरज के साथ बरसात होने की संभावना है।

---

## यूनियन के प्रदेश महासचिव बने अमरीक सिंह चट्ठा



कुरुक्षेत्र। बैठक में मंचासीन पदाधिकारी।

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा कर्मचारी महासंघ से संबंधित ऑल हरियाणा पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल कर्मचारी यूनियन रजिस्टर नंबर 681 का 24 वां त्रि वार्षिक प्रांतीय प्रतिनिधि सम्मेलन कैथल में संपन्न हुआ। सम्मेलन में जन स्वास्थ्य विभाग, सिंचाई विभाग व लोक निर्माण विभाग तीनों विगों के प्रदेश भर के सभी जिलों से पदाधिकारी व कर्मचारी साथियों ने हजारों की संख्या में बढ़-चढ़कर भाग लिया। ध्वजारोहण एमएल सहगल राष्ट्रीय चेयरमैन अखिल भारतीय राज्य कर्मचारी परिसंघ द्वारा किया गया। सम्मेलन का उद्घाटन पूर्व चेयरमैन हरियाणा कर्मचारी महासंघ मंगल सिंह दिलावरी ने किया। चुनाव प्रक्रिया को पूर्ण करवाने के लिए मुख्य चुनाव पर्यवेक्षक महेंद्र सिंह यादव व खजान सिंह उपस्थित रहे। इस अवसर पर नई कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें प्रांतीय चेयरमैन रणबीर दलाल, प्रांतीय प्रधान नरेंद्र धीमान, प्रांतीय महासचिव अमरीक सिंह चट्ठा, प्रांतीय वरिष्ठ उप प्रधान जिले सिंह भड़ाना, प्रांतीय वित्त सचिव पवन रजाना, प्रांतीय मुख्य संगठन कर्ता रविंद्र यादव को चुना गया। नवनियुक्त प्रांतीय प्रधान नरेंद्र धीमान एवं प्रांतीय महासचिव अमरीक सिंह चट्ठा ने हरियाणा सरकार को चेताते हुए कहा कि प्रदेश भर के कर्मचारियों की जायज मांगों का समाधान संगठन के पदाधिकारी को बातचीत के लिए बुलाकर बातचीत के माध्यम से जल्द से जल्द करें अन्यथा चुनाव आचार संहिता हटने उपरांत संगठन हरियाणा सरकार के खिलाफ बड़ा आंदोलन

### 9 मई तक ले सकते हैं नामांकन वापस, इसके बाद जारी होंगे चुनाव चिन्ह

# लोकसभा के लिए 4 प्रत्याशियों का नामांकन पत्र रद

- छटनी कक्ष में 34 उम्मीदवारों का नामांकन सही पाया
- शांतनु शर्मा की देखरेख में गठित हुई कमेटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



**कुरुक्षेत्र।** नामांकन पत्रों की जांच करते उपायुक्त शांतनु शर्मा।

लोकसभा आम चुनाव-2024 के लिए 02-कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र के लिए 49 नामांकन पत्रों में से 4 कवरिंग उम्मीदवारों के नामांकन पत्र निर्धारित नियमानुसार कमी पाए जाने पर रद्द कर दिए गए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय में छंटनी प्रक्रिया के दौरान 34 उम्मीदवारों के नामांकन पत्र सही पाए गए है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त शांतनु शर्मा के न्यायालय कार्यालय में बनाए गए नामांकन पत्र छंटनी कक्ष में मंगलवार को सुबह 11 बजे कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र के लिए 6 मई तक भरे गए 38 उम्मीदवारों के 49 नामांकन पत्रों की छंटनी का काम शुरू किया गया, जिसमें से 34 उम्मीदवारों का नामांकन सही पाया गया तथा 4 कवरिंग प्रत्याशियों का नामांकन पत्र निर्धारित नियमानुसार कमी पाए जाने पर रद्द कर दिए गए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त शांतनु शर्मा ने बताया कि जिन 34 उम्मीदवारों के नामांकन सही पाए गए है उनमें आजाद उम्मीदवारों में अनिल, सुभाष, अभिषेक, अश्वनी शर्मा हरितवाल, फूल सिंह, वरूण गुप्ता, जयप्रकाश शर्मा, जय कुमार, पताशो देवी, रमेश चंद्र खटकर, अमित मलिक, सेवा सिंह, महेश चंद, मंगत राम, रामदिया, विशाल कुमार, सुरेन्द्र चहल व सन्नी शामिल है। उन्होंने बताया कि एकम सनातन भारत दल से महावीर सिंह, सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर आफ इंडिया (कम्युनिस्ट) से ओम प्रकाश, इंडियन नेशनल लोकदल से अभय सिंह, राष्ट्रीय जनशक्ति पार्टी (एकलव्य) से सतबीर, समता पार्टी से नरेश कुमार, शिरोमणि अकाली दल (अमृतसर) से खजान सिंह, भारतीय जनता पार्टी से नवीन जिंदल, आम आदमी पार्टी से सुशील कुमार गुप्ता, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी से विक्रम सिंह, जननायक जनता पार्टी से पाला राम, पीप्लस पार्टी आफ इंडिया (डैमोक्रेटिक) से इंदरजीत काम्बोज, लोकतांत्रिक लोक राज्यम पार्टी से सतनाम, राष्ट्रीय गरीब दल से प्रदीप सैनी, बहुजन समाज पार्टी से दीपक मेहरा, भारतीय आशा पार्टी से सतीश कुमार, ग्लोबल रिपिब्लिकन पार्टी से ओम प्रकाश इंदल शामिल है।

## खबर संक्षेप

### कबूतरबाजी के मामले में आरोपी शामिल जांच

**अंबाला।** थाना सेक्टर-9 में दर्ज कबूतरबाजी के मामले में पुलिस ने आरोपी सुरेश कुमार को गिरफ्तार कर जमानत पर रिहा कर दिया है। सेक्टर नौ के पवन कुमार शिकायत दर्ज करवाई थी कि 1 सितंबर 2023 से 20 दिसंबर 2023 को आरोपी सुरेश कुमार व अन्य ने उसको विदेश भेजने के मामले में उससे एक बड़ी रकम हड़पने की धोखाधड़ी करने का अपराधिक कार्य किया है।

### चोरी के मामले में दूसरा आरोपित गिरफ्तार



**अंबाला।** थाना साहा में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी अजय कुमार को गिरफ्तार किया है। इस मामले में पहले गिरफ्तार आरोपी निखिल कुमार को पहले काबू कियाजा चुका है। घसीटपुर के देवेंद्र कुमार ने 24 अप्रैल 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 28 मार्च 2024 को आरोपी निखिल कुमार व अन्य ने गाँव घसीटपुर में उसकी स्थित उसकी चाची के घर से गैस सिलेंडर, टुल्लू पंप व नकद राशि चोरी कर ली है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### चोरी के मामले में दो आरोपितों को दबोचा

**अंबाला।** थाना महेशनगर में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी विशाल उर्फ बल्लिी उर्फ बासु व कर्ण उर्फ करणी को गिरफ्तार किया है। डिफेंस कॉलोनी के संदीप कुमार ने 26 अप्रैल 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि डिफेंस कॉलोनी स्थित उसके घर से सामान चोरी कर लिया है।

### धमकी देने के मामले में आरोपी शामिल जांच

**अंबाला।** थाना अंबाला शहर में दर्ज मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी राधेश्याम को गिरफ्तार किया है। नाहन हाउस के सुनील कुमार ने 11 अप्रैल 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 07 अप्रैल 2024 को आरोपी राधेश्याम ने उससे मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### राजकीय बहुतकनीकी संस्थान में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

# नशे से होता है मानसिक, नैतिक और शारीरिक पतन : डॉ. वर्मा

यह जिले में 74 वां और 75 वां जागरूकता कार्यक्रम था।

- कोई भी व्यक्ति जागरूकता के अभाव में कुसंग का शिकार न हो और न नशे की दलदल में फंसे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा द्वारा मंगलवार को राजकीय बहुतकनीकी संस्थान अंबाला शहर में नशे के विरुद्ध एक दिवसीय दो जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

संस्थान के प्राचार्य डॉ. राजीव सपरा की अध्यक्षता और उपस्थिति में यह कार्यक्रम आरम्भ हुआ। डॉ. राजीव सपरा जी द्वारा ब्यूरो के अधिकारी डॉ. वर्मा का स्वागत किया गया और संस्थान के अंग वस्त्र से उन्हें सम्मानित किया। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी / उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा द्वारा विभन्नि दो सत्रों में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह अम्बाला जिले में 74 वां और 75 वां जागरूकता कार्यक्रम था। डॉ. वर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि युवा देश कि धरोहर है। उनके भविष्य का निर्माण समाज और राष्ट्र की जिम्मेदारी है।

ब्यूरो हरियाणा में अपने युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रतिदिन जागरूक करने का काम भी कर रही है क्योंकि कोई भी व्यक्ति जागरूकता के अभाव में कुसंग का शिकार न हो और नशे की दलदल में न फंसे। इसीलिए समय से प्रत्येक व्यक्ति को नशे के दुर्गुणों से परिचित कराया जा रहा है। यदि कोई व्यक्ति नशे के कारोबार में संलप्ति हो जाता है और पुलिस के रिकॉर्ड में उसका नाम लाल अक्षरों में लिखा जाता है जिससे उसका भविष्यि अन्धकार में हो सकता है। नशा मनुष्य के मानसिक और शारीरिक पतन का कारण है अपितु नशा मनुष्य के चारित्रिकि और नैतिक मूल्यों का भी हनन करता है। उन्होंने बताया कि एनडीपीएस एक्ट के तहत अफीम चरस हेरोइन स्मैक चट्टिा एलएसडी नशे की गोलियां और टीके इत्यादि प्रतिबंधित नशे हैं जिनका सेवन, क्रय विक्रय, तस्करी, उत्पादन और निर्माण आदि पूर्ण रूप से प्रतिबंधित है। यदि कोई व्यक्ति इन कार्यों में संलिप्त होता है तो उसके विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने नशे की परिभाषा देते हुए कहा कि जहां एक और प्रतिबंधित नशा मनुष्य के लिए बहुत अधिक घातक है वहीं दूसरी और शराब तंबाकू आदि मनुष्य के लिए जानलेवा हैं।

उन्होंने वश्वि स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ों पर दृष्टिपात करते हुए कहा कि प्रतिदिन तम्बाकू उत्पाद के कारण 3699 लोगों की मृत्यु हो रही है। विस्तारपूर्वक नशे के दुष्परिणामों पर व्याख्या करके गीत, कविता और गायन के माध्यम से युवाओं को नशे के विरुद्ध जागरूक करते हुए डॉ. वर्मा ने कहा कि नशा छोड़ने वाले व्यक्ति भी इससे छुटकारा पा सकते हैं।



अंबाला। छात्रों को संबोधित करते एसआई डॉ. अशोक वर्मा। फोटो : हरिभूमि

# एसएमएस का खर्च भी जुड़ेगा उम्मीदवार के खाते में : डीसी

- जिला निर्वाचन अधिकारी ने उम्मीदवारों को खर्च को लेकर दिए जरूरी निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. शालीन ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव में प्रचार के दौरान उम्मीदवार द्वारा थोक में भेजे जाने वाले एसएमएस का खर्च भी संबंधित उम्मीदवार के खाते में जोड़ा जाएगा। चुनावी प्रचार अवधि के दौरान वैकल्पिक निर्वाचन के प्रचार के लिए वल्क (थोक) में भेजे गए एसएमएस की जानकारी जिला प्रशासन व संबंधित सहायक रिटर्निंग अधिकारी को मिलने पर वह सेवा प्रदाता से इस पर हुए व्यय का अनुमान लगवाकर इसे उम्मीदवार के खाते में जोड़ देगा। उन्होंने बताया कि भारत नर्वाचन आयोग की ओर से इस संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

आयोग के अनुसार मतदान संपन्न होने के लिए नश्चिति किए गए समय की समाप्ति से 48 घंटे पहले तक की अवधि के दौरान राजनीतिक प्रकृति के थोक में एसएमएस भेजने पर प्रतिबंध रहेगा। जिला में प्रचार के दौरान मोबाइल सेवा प्रदाता सभी संबंधितों के नोटिस में ऐसे थोक एसएमएस की जानकारी मॉनिटरिंग टीम के संज्ञान में लाने के निर्देश दिए गए हैं। चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण प्रक्रिया के साथ संपन्न करवाने के लिए भी आयोग ने निर्देश जारी किए हैं। चुनाव प्रचार के दौरान आपत्तिजनक एसएमएस भेजने वालों पर भी टीम की कड़ी नजर रहेगी। आपत्तिजनक एसएमएस की जांच के दौरान एसएमएस भेजने वाले का पता लगाकर उसके खिलाफ नियमानुसार उचित कार्रवाई की जाएगी।

## छात्रों ने कला का किया शानदार प्रदर्शन

- प्रतियोगिता में भव्या शर्मा पहले, नर्जिर गर्ग दूसरे और रूहान वीर तीसरे स्थान पर रहे

**बराड़ा।** शैमरॉक लिटिल फ्लावर स्कूल में क्ले मॉडलिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें शैम प्रेप सीनियर के बच्चों ने गणेश जी, फूल , रेनबो आदि बनाकर अपनी कला का प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में पहले स्थान पर भव्या शर्मा, दूसरे स्थान पर नर्जिर गर्ग और तीसरे स्थान पर रूहान वीर व मानस कटारिया रहे। गुरसीरत, आयुष्मान व शनाया को सांत्वना पुरस्कार मिला। इस अवसर पर उप - प्रधानाचार्या सुमन शर्मा ने सभी प्रतिभागियो को बधाई दी और जीवन में आगे बढने के लिए प्रेरित किया।

# छात्रों ने किया वीरजी की कुटिया का मुआयना



- कुटिया के सदस्यों द्वारा बच्चों को प्रसाद स्वरूप केले व दूध की बॉटल्स दी, बच्चों ने बस यात्रा का खूब आनंद उठाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

मुरलीधर डीएवी स्कूल में कक्षा नर्सरी से कक्षा दूसरी तक के छात्रों को धार्मिक स्थल वीर जी की कुटिया (कृष्ण कुटीर) ले जाया गया। यहां बच्चों को कृष्ण भगवान की बहुत ही सुन्दर व भव्य मूर्ति के दर्शन करवाए गए। बच्चों को भगवान श्री कृष्ण की लीलाओं से अवगत करवाया गया। बच्चों को गीता के श्लोक सुनाए व उनका अर्थ समझाया गया।

### नन्हें बच्चों ने गाए भजन

नन्हे बच्चों ने भी वहां भजन गाकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इस मौके पर कुटिया के सदस्यों द्वारा कुछ प्रश्न बच्चो से पूछे गए और बच्चो ने बड़े ही उत्साह से उन प्रश्नों का उतर दिया। बच्चों को उतर के लिए उपहार भी दिए गए। इस मौके पर कोऑर्डिनेटर अमिता अरोड़ा भी उपस्थित रही।

**बच्चों को कृष्ण लीलाओं से अवगत करवाया:** उन्होंने भी बच्चों को कृष्ण की लीलाओं से अवगत करवाया। कुटिया के सदस्यों द्वारा बच्चों को प्रसाद स्वरूप केले व दूध की बॉटल्स दी गई। बच्चों ने बस यात्रा का खूब आनंद उठाया। इसके बाद बच्चों को धूलकोट रेलवे स्टेशन की भी विजिट करवाई गई। वहां बच्चों का गुड्स ट्रेन व पैसेंजर ट्रेन (यात्रियों वाली ट्रेन) में अंतर बताया गया।

# सीआईए ने चोरी के दो आरोपितों से बारह मोटरसाइकिल की बरामद




हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

थाना बलदेव नगर में दर्ज चोरी के मामले में सीआईए-1 ने चोरी के मामले में आनंदपुर जलबेहड़ा के हमीर को गिरफ्तार किया था। रिमांड के दौरान आरोपी से गहनता से पूछताछ की। उसने बताया कि

### दो आरोपित गिरफ्तार

आरोपी गुरूसेवक सिंह उर्फ पोटा भी इस मामले में संलप्ति है। पुलिस ने हमीर के ही गांव के रहने वाले आरोपी गुरूसेवक सिंह उर्फ पोटा को भी गिरफ्तार किया। आरोपियों से चोरी की 12 मोटरसाइकिल बरामद की गई हैं। इस सिलसिले में बब्याल के धीरज ने 13 अप्रैल 2024 को थाना बलदेव नगर में शिकायत दर्ज करवाई थी कि इंको चौक से किसी ने उसकी मोटरसाईकिल चोरी कर ली है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच की जम्मिेवारी सीआईए-1 को दी गई।

# स्टूडेंट्स ने नशे से बचने की ली शपथ

- विद्यार्थी नशे की लत का हो चुके हैं शिकार : प्राचार्या डॉ. राजश्री खरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

महाराणा प्रताप नेशनल महावद्यिालय में नशा मुक्त भारत बनाने के लिए जागरूकता अभियान के अंतर्गत शपथ समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान प्राचार्या डॉ. राजश्री खरे ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में बड़ी संख्या में विद्यार्थी नशे की लत का शिकार हो चुके हैं। ज्ञान के अभाव के चलते युवा नशे की दलदल में फसते जा रहे हैं। जागरूकता के द्वारा ही युवाओं को इस गर्त से बाहर निकाला जा सकता है। प्रो. जयभगवान ने वद्यिार्थियों को सदैव नशा मुक्त रहने की शपथ दिलाई। समारोह का संयोजन डॉ. सुरेंद्र शर्मा ने किया। इस मौके पर सब स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।



# डांस के साथ रैंप वॉक पर छात्रों ने बिखेरा जलवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

जय पब्लिक स्कूल गुरूकुल में मातृ दिवस बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वद्यिा की देवी मां सरस्वती की पूजा अर्चना से हुआ । कार्यक्रम का संचालन वद्यिालय प्रिसिंपल डॉ.नीलम जैन द्वारा किया गया। सर्वप्रथम वद्यिालय प्रिसिंपल ने सभी माताओं का स्कूल में आने पर स्वागत किया और इस दिन का महत्व बताया।

इसके उपरांत स्कूली बच्चों द्वारा एक गीत प्रस्तुत किया गया जोकि माताओं को समर्पित था। इस कार्यक्रम में कक्षा नर्सरी से कक्षा दो तक के बच्चों ने हस्सिा लिया । प्रतस्पिर्धा में चार चरण थे । कक्षा नर्सरी से केजी -2 के लिए नृत्य और सैंडविच प्रतस्पिर्धा थी । कक्षा 1 और 2 के लिए रैंप वाक और सैलड डेकोरेशन था । सभी माताओं ने हर चरण में हस्सिा लिया और अपने कौशल से कार्यक्रम को बहुत रोमांचक बनाया । कार्यक्रम को व्यवस्थित क्रम में चलाने के लिए कक्षा 11 की भव्या , कीर्ति और सुप्रिया ने बेहतरीन योगदान दिया । वद्यिालय के बच्चों द्वारा बहुत ही बेहतरीन नृत्य प्रस्तुति दी गई। नृत्य और रैंप वाक तो सबका प्रदर्शन बहुत ही भव्य था तो उधर दूसरी तरफ सैंडविच और सैलड प्रतियोगिता में भी प्रदर्शन बहुत ही भव्य था। नृत्य प्रतियोगिता में काफिया प्रथम , यशिका द्वितीय रहे। रैंप वाक में मन्नत वर्मा प्रथम , आरवी द्वितीय, अधरूप तृतीय रहे। सैंडविच मेकिंग में अभिराज प्रथम , देवांश द्वितीय रहे। सेलड डेकोरेशन में निशा (सक्षम) प्रथम , रूबी (रेयांश ) द्वितीय, अनिता (रूतवी) तृतीय रहे। माताओं के लिए म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता भी आयोजित करवाई गई जिसमें सुमन (देवांश) प्रथम रहे। वद्यिालय प्रिसिंपल डॉ.नीलम जैन ने सभी अव्वल रहे प्रतिभागिओ को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।



## लाला छज्जू राम बने थे 1952 में भगेरडु पट्टी से सरपंच

# गांव मुलाना से चुने जाते थे तीन सरपंच, करीब 8500 वोट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुभाष शर्मा

मैं तीन पट्टियों का गांव मुलाना हूं। मैं मारकंडा नदी के किनारे पर बसा हुआ हूं। मेरा एक हिस्सा एनएच 344 के साथ सटा हुआ है । मैं अपने अंदर करीब 8500 वोट और 11000 आबादी समेटे हुए हूं। जिले में मेरी अलग ही पहचान है।

आधुनिकता के युग मे मुझे देश विदेश में एमएम यूनिवर्सिटी के कारण भी पहचान मिली है। मैं प्रदेश की राजनीति का भी हिस्सा हूं। मेरे यहां से चुने गए कई जन प्रतिनिधि प्रदेश के मंत्रिमंडल में भी स्थान पा चुके हैं। यहां तक कि देश की संसद में भी स्थान पा चुके है। यहां से बने जनप्रतिनिधि भी अपनी पहचान के लिए मेरे नाम का इस्तेमाल करते हैं । मैंने यहां प्रदेश के प्रसद्धि रागनी कलाकार पंडित लख्मी चंद को भी सुना है। मैं मुलाना विधानसभा के नाम से देश मे जाना जाता हूं। मैं प्राचीन गांव हूं। कभी मैं मुस्लिम बाहुल्य भी रहा हूं। कई प्रचीन हवेलियों की विरासत को संभाले हुए हूं। शेरशाह सूरी द्वारा राहगीरों की प्यास बुझाने के लिए बनाए गए कईं कुंओं को भी मैंने देखा है जो अब विलुप्त हो चुके है। मेरे अंदर बसने वाली ज्यादातर आबादी हन्दिू है। मुस्लिम वर्ग के कुछ लोग यहां निवास कर रहे है। यहां हन्दिू मुस्लिम दोनों वर्ग प्रेम से रहते है। गांव में हिंदुओं के तीन नगर खेड़ा ,तीन शमशान, मुस्लिम वर्ग के लिए एक कब्रिस्तान है। मुझ में 1426 में बना माता बाला सुंदरी के नाम से बना प्राचीन मंदिर है। यहां साल में दो बार मेले का आयोजन होता है जिस में हजारों की संख्या में नतमस्तक होते है। दो राम लीलाओं का यहां मंचन होता है। मेरी तीन पट्टियां मुलाना पट्टी, भगेरडू पट्टी, चनारथल पट्टी है। एक समय था जब मैं मुझ में से तीन पट्टियों के अलग अलग सरपंच चुने जाते थे। मैंने देश विभाजन से लेकर कोरोना कॉल का समय बहुत नजदीकी से देखा है।










### अब तक ये रहे मुलाना के सरपंच

यहां प्रवीन कुमार ,सरपंच नरेश चौहान, वर्ष 1952 में सरपंच रहे लाला छज्जू राम , बबिता चौहान , दो बार सरपंच पद पर आसीन रहे चंद्रशेखर चौहान , तीन बार सरपंच चुने गए सुनील सहगल , दो बार के सरपंच रहे डा. योगेंद्र पाल , लाला जय दयाल, डा. सोमप्रकाश, शिवदयाल सरपंच पद पर रहे है। दो दशकों से मैनें आधुनिकता को देखा है। जब गांव में युवाओं की पंचायत का गठन हुआ। गांव की सुंदरता को चार चांद लगने शुरू हुए। गांव का सौंदर्यकरण हुआ। जगमग रोशनी का जाल बिछा। स्वच्छता का माहौल बना।

### 1426 में हुआ था मंदिर का निर्माण

बीते कुछ वर्ष पहले वर्ष माता बाला सुंदरी मंदिर का रिकॉर्ड राज्यस्थान के भाटो के यहां से प्राप्त हुआ था। भाटो के अनुसार वह मुलाना में क्षत्रिय समाज के यहां साल में एक बार जाते है।भाटो ने मंदिर कमेटी को बताया कि मुलाना कस्बे को 1422 में बसाया गया था। माँ बाला सुंदरी मंदिर का नर्मिाण सन 1426 में कराया गया था। सन 1425 में गांव के नंबरदार सोराज सिंह के सपने में माता ने दर्शन देकर मंदिर का निर्माण कराने के साथ ही ताल की खुदाई कराने की बात कही गई थी। ऐसी लिखित बातें भाटो के दस्तावेजों में दर्ज है। गांव को सरकार की ओर से निर्मल गांव और आदर्श गांव घोषित किया जा चुका है।

### कई सरकारी कार्यालय

गांव में पुलिस थाना,सरकारी स्कुल, सरकारी अस्पताल, पशु अस्पताल, तहसील, पावर हाउस, दुरभाष केंद्र, अनाज गोदाम, अनाज मंडी,मंडी कार्यालय, कई बैंक स्थापित हुए है।

# भाजपा प्रत्याशी की लोकसभा उम्मीदवारी पर उठाया सवाल

- एडवोकेट ने भारतीय चुनाव आयोग, मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ), के साथ उपायुक्त अंबाला को शिकायत भेजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार बंतो कटारिया की उम्मीदवारी पर सवाल उठ गया है। पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के एडवोकेट हेमंत कुमार भारतीय चुनाव आयोग, मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ), के साथ उपायुक्त अंबाला को एक शिकायत भेजकर भाजपा प्रत्याशी की उम्मीदवारी पर सवाल उठाया है। उसने बताया कि बंतो देवी कटारियावर्तमान में श्री माता मनसा देवी श्राइन (पूजास्थल) बोर्ड हरियाणा सरकार द्वारा नामित (मनोनीत) गैर-सरकारी सदस्य है। इस पद पर उनका कार्यकाल अगले वर्ष 7 मई 2025 तक है।

हरियाणा के शहरी स्थानीय निकाय विभाग द्वारा गत वर्ष जुलाई 2023 में प्रदेश के सरकारी गजट में प्रकाशित एक नोटिफिकेशन में स्पष्ट किया गया है. हेमंत ने बताया कि भारत के संविधान के अनुच्छेद 102(1) (ए) के अनुसार, कोई व्यक्ति संसद के किसी भी सदन का सदस्य चुने जाने और बने रहने के लिए अयोग्य होगा, यदि वह केंद्र (भारत) सरकार या किसी प्रदेश की सरकार के अधीन कोई सरकारी पद ( लाभ का पद ) धारण करता है बशर्ते ऐसे किसी पद या पदों को छोड़कर, जिसे देश की संसद द्वारा कानून मार्फ़त लाभ के पद के दायरे से छूट प्रदान की गई हो।

हेमंत का कानूनी मत है कि चूंकि श्री माता मनसा देवी पूजास्थल बोर्ड का नाम संसद द्वारा उपरोक्त आशय में बनाए गए कानून अर्थात संसद (अयोग्यता निवारण) अधिनियम, 1959 की धारा 3 में या इस अधिनियम (कानून) में संलग्न अनुसूची या तालिका के अंतर्गत शामिल करके माता मनसा देवी बोर्ड के किसी पद पर आसीन व्यक्तियों को किसी प्रकार से लाभ के पद के दायरे से छूट नहीं दी गई है।